an>

Title: Need to provide crop insurance and special packages to the farmers belonging to the backward areas of the country of Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जालौर-सिरोही आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से बहुत पिछड़ा हुआ है, उसको पिछड़ा क्षेत्र भी घोषित किया गया है। उस क्षेत्र में जनता गरीब किसान और मजदूर वर्ग की है। 90 प्रतिशत किसान और मजदूर वहां पर रहते हैं।

इस वर्ष क्षेत्र में खरीफ की फसल जो हुई, उसमें अतिवृष्टि होने के कारण किसानों को बहुत नुकसान हुआ है, जिस पर अभी तक राज्य सरकार ने कोई सुध-बुध नहीं ली है, जबकि किसानों को आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक किसानो को सहायता मुहैया नहीं करवाई गई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह चाहूंगा कि जैसे अभी सरकार ने, वित्त मंत्री महोदय ने किसानों के लोन बढ़ाने की बात की, लेकिन वे लोग कैसे वापस करेंगे, जब इतनी ओलावृष्टि हुई है, इतनी बारिश हुई है।

हमारे यहां पर जीरे की फसल होती है औरं जालौर-सिरोही के अन्दर 70 प्रतिशत ईसबगोल का उत्पादन हो रहा है। दूसरे जीरा का उत्पादन होता है, वह एकदम सम्पूर्ण नष्ट हो गया है, एकदम पूरी जमीन काली हो गई है, लेकिन अभी तक सरकार ने कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा है। हमने कलैक्टर को भी वहां बताया था, राज्य को भी इन्फोर्म किया, लेकिन वहां यंत्र लगा दिये हैं, बोले यंत्र में जब रिकार्ड होगा, हम आपको जो भी मुआवजा होगा, वह देंगे, लेकिन यंत्र में रिकार्ड हो, इससे बैटर है कि वहां पर एक प्रतिनिधिमंडल भेजें। वह प्रतिनिधिमंडल जांच कर ले, ताकि किसानो को मुआवजा मिले। आज किसान जो ब्याह-शादी करते हैं, वे भी कैंसिल करके अपने आपको कैसे बचायें, वही सोच रहे हैं।

मेरी आपसे विनती है कि आप केन्द्र सरकार के माध्यम से वहां पर एक प्रतिनिधिमंडल भेजें और जालौर-सिरोही को एक विशेष पैकेज दें, जिससे किसानों को राहत मिले। यही मेरा आपसे निवेदन है।